कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 27.11.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

अंतर्महाविद्यालयीन युवा–उत्सव 2024–25

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 25 एवं 26 नवंबर को युवा उत्सव 2024–25 के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालय स्तरीय ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं का वृहद आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने अत्यंत रुचिपूर्वक और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस 25 नवंबर को प्रथम सत्र में 11:00 बजे से 01:00 बजे तक ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दुर्ग संभाग के 31 महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। दूसरे सत्र में 01:00 बजे से 03:00 बजे तक कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 25 महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की। तृतीय सत्र में 03:00 बजे से 05:00 बजे तक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कुल 33 महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

दूसरे दिन 26 नवंबर को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 13 महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। उल्लेखनीय है कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने इस वर्ष प्रथम बार ही ''क्ले मॉडलिंग'' को युवा–उत्सव प्रतियोगिता में शामिल किया है, किन्तु इस प्रतियोगिता को छात्र–छात्राओं का जोरदार प्रतिसाद मिला और अत्यंत उमंग के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगियों ने अत्यंत बारिकियों एवं हुनर के साथ अत्यंत सुघड़तापूर्वक आकर्षक और मनोहारी क्ले मॉडल्स की रचना कर निर्णायकों, विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. कुलदीप सिंह, प्राध्यापकों तथा अन्य अतिथियों को अचंभित और अत्यंत प्रभावित कर दिया।

द्वितीय सत्र में दोपर 02:00 बजे से 04:00 बजे तक कार्टूनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, यह प्रतियोगिता भी पहली बार युवा–उत्सव में शामिल की गई, जिसमें कुल 9 महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। उक्त समस्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभागीयों ने अपनी प्रतिभा और हुनर का जमकर प्रदर्शन किया एवं अपनी प्रतिभा से हेमंचद यादव विश्वविद्यालय के अधिकारियों, आयोजक महाविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों से पधारे प्राध्यापकों तथा छात्र–छात्राओं को विस्मित और चमत्कृत कर दिया। सभी ने समस्त कलाकृतियों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं हेतु विषय था– छत्तीसगढ़ : ''जनजाति कला एवं संस्कृति से समृद्ध भूमि''

इस अवसर पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुल सचिव कुलदीप सिंह, उप–कुलसचिव, डॉ. सुमित अग्रवाल, दिग्विजय सिंह, श्री आर. के. चौहान, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं अन्य अतिथि विशिष्ट रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रभारी, प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने समस्त अतिथियों का पुष्प–गुच्छ द्वारा स्वागत किया।

प्रतियोगिताओं का सफल संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले विभागाध्यक्ष–संगीत द्वारा किया गया। जिसमें सुश्री तृप्ति खरे सहायक प्राध्यापक–मूर्तिकला, सुश्री निर्वेर साहू, सहायक प्राध्यापक–चित्रकला, सुश्री मधु पाण्डे सहायक प्राध्यापक–अंग्रेजी, माजदा खातून सहायक

प्राध्यापक—समाजशास्त्र एवं श्री दीपक ठाकुर सहायक प्राध्यापक—बी.बी.ए. का अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक श्री मोहन बोराल, व्याख्याता—चित्रकला, डी. पी. एस. दुर्ग एवं श्री संजय देब, व्याख्याता चित्रकला—संस्कार सीटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव थे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है—

क्र	विधा का नाम	प्रथम	द्वितीय	तृतीय
1	ऑन द स्पॉट पेंटिंग	**कुमकुम वर्मा,** भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई	**अभिषेक शर्मा,** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई	**दानियाल यादव,** शास. शहीद कौशल यादव महा. गुण्डरदेही
2	कोलाज	**अभिषेक शर्मा,** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई	**संतोषी दीप,** शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्ना. महा. दुर्ग	**उमेश्वरी,** अपोलो महा. अंजोरा
3	पोस्टर मेकिंग	**रिया बारले,** शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्ना. महा. दुर्ग	**मिनेश यादव,** शास. व्ही. वाई. टी. महाविद्यालय, दुर्ग	**मुकेश कुमार साहू,** सांई महाविद्यालय सेक्टर—6, भिलाई
4	क्ले मॉडलिंग	**मुस्कान यादव,** शास. डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्ना. महा. दुर्ग	**शताक्षी,** शास. नागरिक कल्याण महा. अहिवारा	**अभिषेक शर्मा,** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई
5	कार्टूनिंग	**अभिषेक शर्मा,** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई	**जिज्ञासा साहू,** बी.एम.कॉलेज, कोलिहापुरी, दुर्ग	**मानवेन्द्र कोठारी,** सांई महाविद्यालय सेक्टर—6, भिलाई

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 27.11.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

अंतर्महाविद्यालयीन युवा–उत्सव 2024–25